# समाचार पत्र

## राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

### (बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार)

अंक – 18
वर्ष - 2023
(जुलाई - सितंबर)

## समाचार पत्र के इस अंक में -

- कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ
- सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां
- पीएच.डी. डिग्री अवार्ड
- आमंत्रित व्याख्यान

**संपर्क करें:**
**श्री रत्नेश्वर ठाकुर**
(मैनेजिंग एडिटर, समाचार पत्र (हिंदी), तकनीकी अधिकारी, विज्ञान संचार)
ई-मेल : social@nipgr.ac.in,
टेलीफ़ोन नं. : 011-26735251 (एक्सटेंशन: 251)

@NIPGR
@NIPGRsocial
www.nipgr.ac.in

# समाचार पत्र

## राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

### कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

**स्वतंत्रता दिवस**

77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को, डॉ. शुभ्रा चक्रवर्ती, निदेशक, रा.पा.जी.अनु.सं. ने संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**

रा.पा.जी.अनु.सं., नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत डॉ. शुभ्रा चक्रवर्ती, निदेशक, रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

**हिंदी कार्यशाला**

संस्थान में, सितंबर 26, 2023 को श्री ओम प्रकाश साह, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा 'संघ की राजभाषा संबंधी प्रावधान एवं विभिन्न हिंदी टूल्स' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक उक्त कार्यशाला में भाग लिया ।

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक:**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इकतालीसवीं तिमाही बैठक का आयोजन दिनांक सितंबर 18, 2023 को संस्थान के बोर्ड रूम में किया गया।

# समाचार पत्र

## राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

## कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

### हिंदी पखवाड़ा

1. संस्थान में सितम्बर 14-29, 2023 के दौरान **हिंदी पखवाड़ा** का आयोजन किया गया। इस संबंध में परिपत्र द्वारा सभी कर्मचारी सदस्यों, छात्रों एवं शोधकर्ताओं को एकजुट होकर सभी संस्थागत कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग एवं विकास सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।
2. 14 सितम्बर 2023 को डॉ. राजेश सु. गोखले, सचिव, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रेषित संदेश को निदेशक, रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा संस्थान के अधिकारियों / कर्मचारियों के समक्ष पढ़ा गया।
3. संस्थान में सितंबर 20-22, 2023 को हिंदी पखवाड़ा के दौरान **हिंदी काव्य पाठ, हिंदी निबंध, हिंदी सुलेख, एवं हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिताओं** का आयोजन किया गया। संस्थान के स्टाफ सदस्यों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लिया ।

## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां

डॉ. आशुतोष पांडे (वैज्ञानिक) को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए), नई दिल्ली के एसोसिएट फेलो के रूप में चुना गया।

डॉ. नवीन सी. बिष्ट (वैज्ञानिक) को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए), नई दिल्ली के फेलो के रूप में चुना गया।

डॉ. सभ्यता भाटिया (वैज्ञानिक) को भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) के फेलो के रूप में चुना गया।

### मीडिया कवरेज

जीन-एडिटेड मस्टर्ड : लेस पंगेंट, मोर यूज़फुल

Gene-edited mustard: Less pungent, more useful | Explained News - The Indian Express

## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां

डॉ. गोपालजी झा (वैज्ञानिक) को एस. रामाचंद्रन नेशनल बायोसाइंस अवार्ड फॉर करियर डेवलपमेंट 2021" से सम्मानित किया गया ।

## पीएच. डी. डिग्री अवार्ड

1. सुश्री मोहिनी जयसवाल (पीएच.डी. छात्रा) को "कम्प्यूटेशनल एप्रोचीस टू स्टडी प्लांट-देराइव्द पेप्टिडस हविंग बायोलॉजिकल एक्टिविटीज" नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से अगस्त 04, 2023 को सम्मानित किया गया । उन्होंने यह शोध कार्य डॉ शैलेश कुमार (वैज्ञानिक) के पर्यवेक्षण में पूरा किया है।

## आमंत्रित व्याख्यान

1. डॉ. कौशल कुमार भाटी (बीएएसएफ बेल्जियम कोऑर्डिनेशन सेंटर कॉमवी, इनोवेशन सेंटर जेंट, बेल्जियम) ने 28 अगस्त, 2023 को "ऑपर्च्युनिटीजइन सिंथेटिक प्लांट बायोलॉजी थ्रू पोस्ट-ट्रांसलेशनल प्रोटीन फेट रेगुलेशन" विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान दिया।
2. डॉ. अभिषेक नारायण सिंह (द ग्लोबल अमेरिकन यूनिवर्सिटी शिलर, हीडलबर्ग कैंपस, जर्मनी) ने 14 सितंबर, 2023 को "सुपरकंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग, ग्राफ एल्गोरिदम, स्टेटिस्टिक्स एंड बिग डेटा बायोइंफॉर्मेटिक्स / बायोमेडिकल इंफॉर्मेटिक्स" विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान दिया।